राजस्थान के प्रत्येक ज़िले में विकसित किये जाएंगे डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब

चर्चा में क्यों?

17 मई, 2022 को राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि राजस्थान के प्रत्येक ज़िले को निर्यात संवर्धन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये ‘डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब’ विकसित किये जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना का उद्देश्य ज़िला स्तर के उद्योगों को आर्थिक और तकनीकी सहायता प्रदान करना है, ताकि छोटे उद्योगों को मदद मिल सके और वे स्थानीय लोगों को रोज़गार के मौके उपलब्ध करवा सकें।
- इसके प्रथम चरण में जयपुर और जोधपुर ज़िलों को चुना गया है। बाद में चरणबद्ध तरीके से इसमें सभी ज़िलों को शामिल किया जाएगा।
- इसी संदर्भ में ज़िला उद्योग केंद्र, जयपुर (शहर) में बैठक आयोजित की गई और शहर के लिये जेम्स एंड ज्वैलरी तथा जयपुर ग्रामीण के लिये ब्लू पॉटरी के विकास पर चर्चा की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/district-export-hubs-to-be-developed-in-every-district-of-rajasthan